# (प्रतिदर्श प्रश्न -पत्र )
# सत्रांत परीक्षा 2021-22
# कक्षा- 6 विषय -हिंदी

समय-2 घंटे

पूर्णांक- 40

**नोट सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

प्रश्न -1 निम्न अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें। (1x5=5)

कामचोर आदमी काम करने से डरता है ।काम को देखते ही भयभीत हो जाता है ।काम को छोड़कर बहाने बनाने लगता है। ऐसा आदमी दूसरों पर आश्रित रहकर जीवन गुजारता है। स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता उससे कोसों दूर रहती है ।इस प्रकार के आदमी में न तो नेतृत्व की शक्ति होती है और न समाज में उसकी कोई प्रतिष्ठा होती है। क्या आप जानते हैं उसे कर्मभीरु किसने बनाया, उसका पुरुषार्थ और शक्ति किसने छीन ली, आलस्य ने। सुनहरे जीवन को एक आलस्य रूपी दीमक ने खोखला कर दिया ।आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु होता है ।वह मनुष्य की कार्य क्षमता को नष्ट कर उसे निष्क्रिय बना देता है। मनुष्य को सदैव कर्मशील होना चाहिए ।परिश्रम से सभी कार्य करने चाहिए ।उसे श्री कृष्ण का संदेश कि 'कर्म करो फल की इच्छा मत करो' कभी नहीं भूलना चाहिए । हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कर्मशील मनुष्य ही जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर प्रसन्न चित्त जीवन व्यतीत करता है।

क- काम को देखकर ही कौन भयभीत हो जाता है?
ख-मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु कौन होता है?
ग- मनुष्य को कैसा होना चाहिए?
घ-श्री कृष्ण ने क्या संदेश दिया है?
ड.- गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखें।

प्रश्न -2 निम्न पद्यांश को पढ़ें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें। (1x5=5)

मैं सबसे छोटी होऊं,
तेरी गोदी में सोऊं,
तेरा अंचल पकड़ -पकड़ कर
फिरूं सदा मां तेरे साथ ,
कभी ना छोड़ूं तेरा हाथ !
बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती है मात !

क- कविता में कौन छोटे बने रहने की कामना कर रहा है ?
ख- बच्ची कहां सोना चाहती है?
ग- बच्ची क्या नहीं छोड़ना चाहती है?
घ-कविता में 'मात' शब्द का अर्थ क्या है?
ड़-इस कविता के कवि का नाम लिखें।

प्रश्न-3 निम्न में से किन्ही 5 प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
(2x5=10)

क-सुभद्रा कुमारी चौहान लक्ष्मीबाई को मर्दानी क्यों कहती हैं?
ख-लाखों करोड़ों वर्ष पहले हमारी पृथ्वी कैसी थी?
ग-वन गमन के समय मार्ग में सीता की स्थिति कैसी थी?
घ-आपने बांस का प्रयोग किन-किन चीजों में होते हुए देखा है?
ड़ -राम ने सुग्रीव की सहायता किस प्रकार की?
च-राम -रावण युद्ध के बाद राम ने लंका का राजा किसको बनाया और क्यों?

प्रश्न -4 सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
(1x10=10)

( i ) दिए गए मिलते-जुलते शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग करिए।
क- अवधी
ख- अवधि

(ii )'चमकीला :शब्द 'चमक' संज्ञा में 'ईला 'प्रत्यय जोड़ने पर बना है। दिए गए संज्ञा शब्दों में 'ईला' प्रत्यय जोड़कर विशेषण शब्द बनाइए।
ग- पत्थर
घ- ज़हर

(iii )दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर अंतर स्पष्ट कीजिए।
ड़- सामान
च- समान

(iv) 'लोकगीत' की तरह 'लोक 'शब्द में कुछ जोड़कर अन्य दो शब्द बनाइए।
छ - लोक.....
ज-लॉक....

(v)- दिए गए शब्दों को देखकर बताएं कि ,कौन सा शब्द पुल्लिंग है और कौन सा स्त्रीलिंग।
झ- रोशनी
ञ –पतीला

प्रश्न -5 नीचे दामिनी और प्रिया की मम्मी के बीच कुछ संवाद दिए गए हैं। खाली जगह में अपनी तरफ से संवाद लिखकर वार्तालाप पूरा कीजिए ।
(5x1=5)

दामिनी: आंटी जी नमस्ते! प्रिया घर पर है क्या?
प्रिया की मम्मी: हां बेटा, प्रिया ऊपर अपने कमरे में है।
दामिनी:.................
प्रिया की मम्मी:..............
दामिनी:...................
प्रिया की मम्मी:............
दामिनी:.............

प्रश्न- 6 सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें (1x5=5)

(I) सही शब्द छांट कर लिखें।

क-खपच्चियां -खपच्चीयां

ख-आश्रम- आशृम

(ii)- अक्षरों को सही क्रम में लिखकर शब्द बनाइए।

ग- पु क त स्

घ- प्र ति कृ

(iii)खाली जगह भरकर अर्थपूर्ण शब्द बनाएं।

ङ -आ..... श्य..... ता

*********************************